दिन–मंगलवार दिनांक– 06 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियां उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर और घाघरा नदी सीवान के दरौली में चेतावनी के स्तर से ऊपर बनी हुई है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और कमला बलान नदी मधुबनी के जयनगर में उफान पर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि भीम नगर कोसी बराज से आज नदी में एक लाख सत्तावन हजार तीन सौ चालीस क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया। वहीं, नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह में भी पानी बढ़ते क्रम में रिकॉर्ड किया जा रहा है। इधर, पटना के फतुहा में धोबा नदी का टतबंध टूट जाने से सैकड़ों एकड़ रकबे में लगी धान की फसल डूब गयी। कई स्थानों पर बाढ़ का पानी भी फैल गया है। इस बीच, सोन नदी के जलस्तर में कमी आने से रोहतास और अरवल जिले में बाढ़ का खतरा टल गया है।

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चम्पारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, बेतिया में एक सौ चौंसठ और सुपौल के राघोपुर में एक सौ अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर एक सौ पैंतीस से पचास मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, पटना, कैमूर, रोहतास, जहानाबाद, गया, नवादा, खगड़िया, बेगूसराय और मुंगेर जिले में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, बारिश के

दौरान वज्रपात की घटना में बेगूसराय जिले के बरौनी में एक महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में आज पूरक आरोप पत्र दायर किया है। चार्ज शीट में तत्कालीन रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव समेत ग्यारह आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले की अगली सुनवाई तेरह अगस्त को होगी।

———————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों के लिए कल से लिखित परीक्षा आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा सात, ग्यारह, अठारह, इक्कीस, पच्चीस और अट्ठाईस अगस्त को होगी। परीक्षा का आयोजन एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा। राज्य के अड़तीस जिलों में पांच सौ पैंतालीस परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इस बीच, आर्थिक अपराध इकाई ने कल से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए एडवाईजरी जारी की है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित किसी भी अज्ञात फोन कॉल या मैसेज से सावधान रहने और इस संबंध में किसी भी मैसेज को आगे भेजने से बचने की सलाह दी है। ईओयू ने आशंका जताई है कि साईबर अपराधी और असामाजिक तत्व सिपाही भर्ती परीक्षा से संबंधित अफवाह और भ्रम फैला सकते हैं। एडवाईजरी में कहा गया है कि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र, उत्तर पत्र उपलब्ध कराने संबंधित किसी भी पोस्ट या कॉल मिलने पर तुरंत नजदीकी थान या साईबर थाना में शिकायत दर्ज करायें।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।